# युवा उद्यमिता विकास के पोर्टल की शुरुआत जल्द

**घोषणा**

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के प्रशिक्षण के लिए विशिष्ट प्रशिक्षणप्रदाताओं के साथ अनुबंध करने की तैयारी कर रही है। वहीं युवाओं को रोजगार लगाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन व बैंकों से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए सीएम युवा (मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास अभियान) की शुरुआत की गई है, इसका पोर्टल जल्द ही लांच किया जाएगा। 50,000 युवाओं को अप्रेन्टिसशिप योजना के तहत लाभ मिल चुका है।

यह जानकारी कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि 38 लाख प्रवासी श्रमिकों को कौशल विकास विभाग प्रशिक्षित कर रहा है। विभाग ने 50,000 युवाओं को अमेरिका में स्थापित अन्तर्राष्ट्रीय डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म कोर्सेज के माध्यम से निःशुल्क प्रशिक्षण दिया है। आईआईटी परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने 47 नए सरकारी



कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री

**47** सरकारी आईटीआई खोले हैं, नवम्बर तक छह और तैयार हो जाएंगे

आईटीआई खोले हैं, छह नए आईआईटी नवम्बर तक तैयार हो जाएगें। प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए इस क्षेत्र में काम करने वाली विशेषज्ञ प्लेसमेंट एजेन्सियों को अनुबंधित करने की कवायद की गई है। आठ कम्पनियों से करार हो चुका है।

अग्रवाल ने कहा कि पिछले चार वर्षों में 1.7 लाख सीटों की मान्यता एनसीवीटी से मिल चुकी है। प्रदेश में कुल 1,51,508 सीटों पर एनसीवीटी की मान्यता उपलब्ध है, प्रदेश में 1.72 लाख सीटें हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम भी प्रारंभ की है, इसमें एक हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है।